
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , सोमवार,23 मार्च 2026

## सुविचार



व्यक्ति को हानि, पीड़ा और चिंताएं, उसकी किसी आंतरिक दुर्बलता के कारण होती हैं, उस दुर्बलता को दूर करके कामयाबी मिल सकती है।
- स्वामी रामतीर्थ

बरेली के प्रमुख समाचार
- फरीदापुर चौधरी में फिर मिले गोवंश के अवशेष-II
- शहर में सिलेंडर के ऐसे पड़े लाले, लकड़ी-उपले खोज रहे घरवाले - III
- राधे अलबेली सरकार, सनातन मेले में भक्ति की बयार-IV

## सिटी ब्रीफ

### अवैध उर्वरक भंडारण पर छापा, माल जब्त कर गोदाम किया सील

बरेली, अमृत विचार : जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने हरुनगला स्थित एक गोदाम का निरीक्षण किया। यहां सुरेंद्र कुमार और उसका साथी बबलू बिना किसी बिल या इनवॉइस के माइक्रो न्यूट्रिएंट, एमओपी और फेरस सल्फेट जैसे उर्वरक भंडारित किए हुए पाए गए। वैध कागजात न दिखा पाने पर टीम ने सभी उर्वरकों के नमूने लेकर गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। माल जब्त कर परिसर को सील कर दिया। सुरक्षा के मद्देनजर गोदाम की अभिरक्षा रुहेलखंड चौकी प्रभारी को सौंपी गई है। अब जिलाधिकारी की अनुमति के बाद आरोपियों पर सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। ऋतुषा तिवारी ने कहा कि डीएम के निर्देशन में उर्वरकों की अनियमितता रोकने के लिए यह सघन चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### हथकरघा मेले का आज होगा समापन

बरेली, अमृत विचार : हार्टमन रामलीला मैदान में आयोजित हथकरघा मेले में अंतिम दिन सोमवार को खरीदारी करने वालों को छूट मिलेगी। सहायक आयुक्त हथकरघा सर्वेश कुमार शुक्ल ने बताया कि विकास आयुक्त हथकरघा की ओर से प्रायोजित हथकरघा मेले में रविवार को खरीदारों की भीड़ लगी रही।

### शहर में आज

- किसान एकता संघ की ओर से धरना-प्रदर्शन दामोदर स्वरूप पार्क में सुबह 11 :00 बजे।
- मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा डीडीपुरम शहीद स्मारक पर 6 :30 बजे।
- युवा सिंधी समाज ट्रस्ट की ओर से अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती पर सर्किट हाउस चौराहा स्थित हेमू कालाणी स्मारक पर कार्यक्रम सुबह 10 :00 बजे से
- विश्व हिंदू महासंघ बरेली बीसलपुर चौराह का नाम वंदे मातरम् चौक किए की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देगी सुबह 10 :30 बजे।

# वैज्ञानिकों का कमाल, 5 दिन में 5 बछड़ों की मां बनी 'नंदिनी, सबके सब नर

- आईवीआरआई को गायों के आनुवंशिक सुधार की दिशा में मिली बड़ी कामयाबी, साहीवाल नस्ल पर किया गया प्रयोग

रतन सिंह गुर्जर, बरेली



आईवीआरआई में आईवीएफ से साहीवाल नस्ल के बछड़ों का हुआ जन्म, गाय और बछड़ों के साथ वैज्ञानिकों की टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानों की आय में बढ़ोत्तरी के लिए भारतीय वैज्ञानिक तेजी से काम कर रहे हैं। पशुओं की नस्ल सुधार पर काम कर रहे इंडियन वेटनेरी रिसर्च इंस्टीट्यूट( आईवीआरआई ) बरेली की वैज्ञानिक टीम ने साहीवाल नस्ल की गाय के जरिए पांच दिन में पांच बच्चे तैयार करने में सफलता हासिल की है।

खास बात ये है कि सबके सब बछड़े हैं और हूबहू रुप-रंग में अपनी मां 'नंदिनी' मां पर गए हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि नई तकनीक से साल में एक पशु से से दर्जनों बच्चे पैदा कराए जा सकते हैं।

आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने उन्नत सहायक प्रजनन तकनीक (ओपीयू-आईवीएफ-ईटी) के माध्यम से स्वदेशी साहीवाल नस्ल के स्वस्थ बछड़ों को पैदा कराया है। इसे देशी मवेशी नस्लों के संरक्षण और उनकी उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। वैज्ञानिक टीम ने अल्ट्रासाउंड आधारित ओवम पिक-अप, इन विट्रो निषेचन और भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीकों का उपयोग करते हुए 28 फरवरी से पांच दिन के अंदर पांच स्वस्थ साहीवाल बछड़ों का जन्म कराया। ये बछड़े उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली गायों के उत्कृष्ट जर्मप्लाज्म से विकसित किए गए हैं। इसमें निषेचन के लिए प्रमाणित और उच्च क्षमता के बैल वीर्य का उपयोग किया गया, ताकि बेहतर आनुवंशिक गुण सुनिश्चित हो सकें। यह सफलता वर्ष 2022-23 में शुरू किए गए उस विशेष कार्यक्रम का परिणाम है, जिसके तहत साहीवाल, थारपारकर गाय और मुर्रा भैंस जैसी प्रमुख देशी नस्लों की आनुवंशिक क्षमता को बढ़ाने पर कार्य किया जा रहा है।

आईसीएआर पशु विज्ञान के उप महानिदेशक राघवेंद्र भट्टा ने बताया कि यह उपलब्धि भविष्य में पशुधन विकास का व्यावहारिक मॉडल बनेगी। इससे देशी नस्लों के संरक्षण के साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इस शोध कार्य डॉ. बृजेश कुमार के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की टीम ने विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों के सहयोग और शोधार्थियों के समर्थन से संपन्न किया गया। इसके लिए डॉ. एसके सिंह का मार्गदर्शन रहा।

### क्या है ओपीयू-आईवीएफ-ईटी तकनीक

इस तकनीक के तहत श्रेष्ठ नस्ल की गायों से अंडाणु निकालकर प्रयोगशाला में निषेचन किया जाता है और विकसित भ्रूण को दूसरी गाय में प्रत्यारोपित किया जाता है। इससे कम समय में अधिक संख्या में उच्च गुणवत्ता वाले बछड़ों का जन्म संभव हो पाता है।

### जानें, कब से शुरू हुआ पशुओं में आईवीएफ

पशुओं में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन( आईवीएफ ) यानी टेस्ट ट्यूब बेबी तकनीक का पहला सफल प्रयोग 1959 में हुआ था। चाइनीज-अमेरिकी वैज्ञानिक एम.सी. चांग ने खरगोश के भ्रूण को प्रयोगशाला में विकसित करके पहली बार एक जीवित खरगोश को पैदा कराने में कामयाबी हासिल की थी। इसके बाद कई शोध हुए लेकिन व्यावसायिक उपयोग 1980 के दशक के बाद शुरू हो सका। भारत में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत उच्च गुणवत्ता वाली देशी गायों और भैंसों की नस्ल सुधार के लिए ओपियु-आईवीएफ ( OPU-IVF ) तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके जरिए एक गाय से साल में 100 से अधिक बछड़े प्राप्त किए जा सकते हैं।

# अप्रैल से चौपुला-किला मार्ग पर 'राहत का सफर'

## लोक निर्माण विभाग ने छह महीने का दिया था समय, तीन महीने से पहले पूरा हो जाएगा सड़क का काम

- 90 फीसदी कार्य पूरा, नाली निर्माण से जलभराव की समस्या का होगा स्थायी समाधान
- पांच करोड़ की लागत व आधुनिक पेवर फिनिशिंग के साथ 30 इंच मोटी सड़क डाली गई

कार्यालय संवाददाता, बरेली



चौपुला-किला मार्ग पर अंतिम चरण में चल रहा है सड़क निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार: शहर की लाइफलाइन माने जाने वाले चौपुला-किला मार्ग पर अप्रैल के पहले सप्ताह में वाहन रफ्तार भरते नजर आएंगे। राहत भरा सफर शुरू हो जाएगा। 1200 मीटर लंबे इस मार्ग पर आधुनिक पेवर तकनीक से 30 इंच मोटी सीसी रोड डाली जा रही है, जो भारी वाहनों के दबाव को झेल सकेगी। लोक निर्माण विभाग के अभियंता लगातार सड़क निर्माण की निगरानी कर रहे हैं। अफसरों के अनुसार सड़क का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

नगर निगम ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए पांच करोड़ रुपये का बजट पीडब्ल्यूडी को आवंटित किया था। प्रोजेक्ट का जिम्मा एएन बिल्डर को सौंपा गया है। हालांकि विभाग के साथ हुए बांड के मुताबिक ठेकेदार को काम पूरा करने के लिए छह महीने का समय दिया था, लेकिन जनसुविधा को देखते हुए मेयर ने इसे तीन महीने के भीतर यानी अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दिए थे। विभाग की सक्रियता का परिणाम है कि निर्धारित समय सीमा से पहले ही सड़क बनकर तैयार होने की स्थिति में है। अभियंता बताते हैं कि इस मार्ग की सबसे बड़ी चुनौती जलभराव की समस्या रही है, जिसके कारण पुरानी सड़कें कुछ ही महीनों में उखड़ जाती थीं।

चूंकि सड़क के एक किनारे रेलवे परिसर है, इसलिए वहां नाली न होने से बरसाती पानी सीधे सड़क की सतह को नुकसान पहुंचाता था। इस बार तकनीकी विशेषज्ञों ने इसका स्थायी समाधान निकाला है। सड़क निर्माण के साथ ही रेलवे वाली साइड में पक्की नाली बनाने का कार्य शुरू हो गया है। इससे न केवल सड़क की उम्र बढ़ेगी, बल्कि मानसून के दौरान राहगीरों को कीचड़ और जलभराव की समस्या से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी।

### सड़क का चेहरा ही बदल गया

30 इंच मोटी कंक्रीट की परत ने इस सड़क का चेहरा ही बदल दिया है। सड़क के दोनों ओर रेलवे परिसर और रिहायशी इलाकों को जोड़ने वाली इस पट्टी पर अब धूल का नामोनिशान नहीं होगा। पेवर तकनीक से बिछाई गई इस मजबूत सतह पर सफर न केवल सुरक्षित होगा, बल्कि वाहनों के मेंटेनेंस का खर्चा भी कम हो जाएगा। जाम के झाम से भी शहरवासियों को निजात मिलेगी।

> चौपुला-किला मार्ग शहर की महत्वपूर्ण कड़ियों में से एक है। सड़क की 30 इंच मोटाई और आधुनिक पेवर तकनीक का उपयोग इसे भारी यातायात के लिए बेहद टिकाऊ बनाता है। हमारा लक्ष्य केवल सड़क बनाना नहीं, बल्कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करना भी है, जिसके लिए नाली निर्माण का कार्य भी साथ-साथ चल रहा है। -**भगत सिंह,** एक्सईएन प्रांतीय खंड, पीडब्ल्यूडी

### व्यापार मंडल के मंत्री परिषद की बैठक 7 अप्रैल को

बरेली, अमृत विचार: पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष युवा सुनील खत्री ने बताया है कि कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की सहमति से 7 अप्रैल को मंत्री परिषद की बैठक मथुरा के बिरला मंदिर में आयोजित की जाएगी। जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडप में 12 से 15 अगस्त तक विश्व स्तरीय भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 का आयोजन होगा। उसे सफल बनाने के लिए मंत्री परिषद की बैठक में चर्चा होगी। बरेली, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा आदि जिलों के उद्यमियों एवं व्यापारियों को एमएसएमई, स्टार्टअप्स की जानकारी दी जाएगी।

### भक्ति और संस्कृति का दिखा संगम



बरेली क्लब में आयोजित सनातन मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान लोग भजनों पर झूमते नजर आए। ● अमृत विचार

### न्याय की लड़ाई जारी रखने का संकल्प

बरेली/फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में रविवार को एस एंडसी कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर श्रमिकों की बैठक हुई। इसमें विस्थापित कर्मचारियों ने लंबे समय से लंबित न्याय में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। साथ ही न्याय की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। श्रमिक नेता अशोक मिश्रा ने बताया कि 19 मार्च को जमीन विवाद मामले में सुनवाई के दौरान एक डमी यूनियन द्वारा फर्जी शपथ पत्र दाखिल कर प्रक्रिया प्रभावित करने का प्रयास किया गया, जिससे कर्मचारियों को झटका लगा है। अजय प्रकाश भटनागर ने आरोप लगाया कि डमी यूनियन ने तथ्यों को छिपाकर मजदूरों के हितों को नुकसान पहुंचाया है।

# शिकंजा : नगर निगम के बुलडोजर के पंजे से नहीं बचेंगे अवैध निर्माण

- कोहाड़ापीर से सूद धर्मकांटा मार्ग पर नगर निगम बड़ी कार्रवाई की तैयारी में
- पिछले दिनों व्यापारियों के भारी विरोध के बीच बिना कार्रवाई लौट गई थी टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली




अमृत विचार: शहर के व्यस्ततम कोहाड़ापीर मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने दोबारा बुलडोजर चलाने की पूरी तैयारी कर ली है। कोहाड़ापीर से सूद धर्मकांटा तक सड़क की जद में आने वाली करीब 80 दुकानों को चिह्नित कर नोटिस जारी किए थे। पिछले दिनों जब निगम टीम दलबल के साथ ध्वस्तीकरण करने पहुंची तो व्यापारिक संगठनों के भारी विरोध के कारण टीम ने कार्रवाई नहीं की। तमाम व्यापारी नेताओं ने मेयर, नगर आयुक्त और जिलाधिकारी के दफ्तर के चक्कर काटे, लेकिन इन सिफारिशों का नतीजा शून्य रहा।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने स्पष्ट किया कि सीएम ग्रिड में चल रहा यह काम मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें अवैध अतिक्रमण को नहीं बख्शा जाएगा। दो टूक कहा कि निगम की कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष होगी, जिसकी भी दुकान या प्रतिष्ठान लाल निशान की जद में है, उसे ध्वस्त किया जाएगा। पक्षपात का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। निगम सूत्रों के अनुसार, इस सप्ताह दोबारा बड़े स्तर पर अभियान शुरू होने की पूरी संभावना है। पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर गरजेंगे, ताकि विरोध की किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि वे स्वयं अपना अवैध हिस्सा हटा लें, अन्यथा निगम की ओर से हटाए जाने पर हर्जाना भी वसूला जाएगा।

# मंडल में 26 फीसदी करदाताओं ने दाखिल नहीं किया रिटर्न

- उपायुक्त प्रशासन बोलीं-फरवरी का रिटर्न नहीं भरने पर लगेगा भारी जुर्माना
- मंडल की ग्राम पंचायतों और संस्थाओं को टीडीएस रिटर्न भरने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के करीब आते ही राज्य कर विभाग ने जीएसटी रिटर्न दाखिल न करने वाले व्यापारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बरेली जोन के अपर आयुक्त (ग्रेड-1) एनएल सोनी ने बताया कि फरवरी 2026 के मासिक रिटर्न (जीएसटीआर-3बी) दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित थी, लेकिन मंडल में अभी भी लगभग 26.04 प्रतिशत करदाताओं ने अपना रिटर्न जमा नहीं किया है।

उपायुक्त (प्रशासन) सुभेश तिवारी ने स्पष्ट किया है कि मार्च इस वित्तीय वर्ष का अंतिम महीना है, इसलिए लंबित रिटर्न दाखिल करने में अब और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग ने विशेष रूप से मंडल की सभी ग्राम पंचायतों और टीडीएस कटौती करने वाली संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वह अपने संबंधित रिटर्न अतिशीघ्र प्रस्तुत करें। चेतावनी दी है कि जीएसटी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत समय पर रिटर्न दाखिल न करने पर अर्थदंड और विधिक कार्रवाई का प्रावधान है।

मुश्किल हालात

## बरेली में 19 एमडी मेडिसन व मंडल में 48 बाल रोग विशेषज्ञ की कमी, चार जिलों में स्त्री रोग विशेषज्ञों के 76 पद, तैनात सिर्फ 11

# सिस्टम की बदहाली, मंडल में विशेषज्ञ डाक्टरों के पद थोक के भाव खाली

- रोग विशेषज्ञ न होने के कारण मरीजों को इलाज हो रहा प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़। (फाइल फोटो)

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में जिले से मंडल तक एमडी मेडिसिन, बाल रोग विशेषज्ञ समेत स्त्री रोग विशेषज्ञों की कमी बनी हुई है। विशेषज्ञों के 70 से 80 फीसदी पद रिक्त हैं। सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं।

जिला अस्पताल समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 19 एमडी मेडिसिन चाहिए, लेकिन सिर्फ दो की तैनाती है। इसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों को विशेषज्ञों की सलाह न मिलने से समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। मंडल में बाल रोग विशेषज्ञों के 53 पद हैं। इनमें से सिर्फ पांच ही डॉक्टर तैनात हैं। 48 पद रिक्त हैं। बरेली में छह पदों में से एक, पीलीभीत में 10 पदों में से एक, शाहजहांपुर में 18 पदों में से तीन बाल रोग विशेषज्ञ तैनात हैं। जबकि बदायूं में कोई बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है। जबकि यहां 19 पद सृजित हैं। वहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञ की बात की जाए तो बरेली में 22 पदों में से पांच विशेषज्ञ हैं। पीलीभीत में 12 में से एक, शाहजहांपुर में 18 में से एक और बदायूं में 24 में चार विशेषज्ञ हैं। बाकी के पदों पर आज तक नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं।

**कई डॉक्टर ज्वाइनिंग करने के बाद नहीं आए :** शासन के आदेश के बाद कई बार मंडल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई, लेकिन उनमें से कुछ डॉक्टर बिना बताए अनुपस्थित हो जाते हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। अनुपस्थित डॉक्टरों से पत्राचार करते हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं आता।

> एमडी डॉक्टरों की कमी है। कई बार इसके लिए शासन को लिखा है, लेकिन रिक्त पदों पर नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। आगे भी पत्राचार कर शासन से डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग की जाएगी। -**डॉ रमेश चंद्र,** एडीएसआई

### मौसम में बदलाव : आरोग्य मेले में सर्दी-जुकाम व बुखार के रोगियों की संख्या सबसे ज्यादा रही

- जिले में सीएचसी, पीएचसी पर पहुंचे करीब तीन हजार मरीज

बरेली,अमृत विचार : बदलते मौसम का असर अब लोगों की सेहत पर साफ दिखने लगा है। रविवार को जिले के सीएचसी और पीएचसी केंद्रों पर आयोजित आरोग्य मेले में मरीजों की भीड़ उमड़ी। सर्दी, जुकाम व बुखार के रोगियों की संख्या अधिक रही। जिले में हर रविवार को आरोग्य मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोग उपचार के लिए पहुंचते हैं। पहले तेज गर्मी और बीते दो दिनों से लगातार बारिश और ठंडी हवा से एक बार मौसम में बदलाव के चलते मरीजों की संख्या में खासा इजाफा देखने को मिला। करीब 3000 मरीजों को दवा वितरित की गई। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ राहुल वाजपेयी ने बताया कि बदलते मौसम में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। साफ-सफाई का ध्यान रखें, ठंड पेय पदार्थों के सेवन से बचें, संतुलित आहार लें।

## सिटी ब्रीफ

### पुलिस ने 14 वाहन सीज कर 448 का काटा चालान

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने रविवार को तीन स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। नाकाबंदी कर स्टंटबाजों और मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले हुड़दंगियों पर शिकंजा कसा। नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले 14 वाहनों को सीज कर दिया, जबकि 448 वाहनों का चालान काटकर जुर्माना वसूला।

### पुलिस ने दो चोर गिरफ्तार कर भेजे जेल

**बरेली/मीरगंज, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने ट्रैक्टर से बैटरी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई बैटरी भी बरामद कर ली है। दोनों को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुमताज पुत्र मो. हनीफ उर्फ हलीम और राहुल पुत्र यादराम के रूप में हुई है। दोनों ग्राम पैगानगरी, थाना मीरगंज के निवासी हैं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बरेली/ भोजीपुरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में सुबह तड़के पुलिस को सूचना मिली की कोई व्यक्ति लहूलुहान हालत में नैनीताल हाइवे पर ब्रिज पर पड़ा है। सूचना पाकर एसआई मनोज कुमार मौके पर पहुंचे युवक घायल मिला। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बरेली/हाफिजगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम हाफिजगंज निवासी ताजिम अली किसी काम से रिठौरा जा रहे थे। पेट्रोल पंप के पास संकरी सड़क पर सामने से तेज रफ्तार आ रहे ई-रिक्शा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे ताजिम अली सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पीलीभीत रोड पर लगा जाम



पीलीभीत रोड स्थित एक मॉल में रविवार शाम फिल्म देखने के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंचे। लोगों की आवाजाही की वजह से पीलीभीत रोड के बाहर जाम लगा रहा। वाहन चालकों और राहगीरों को परेशान का सामना करना पड़ा। मॉल के बाहर सड़क किनारे कार सहित ई-रिक्शा व अन्य वाहन भी खड़े हो रहे हैं। पास में ही फूड कॉर्नर लगा है, उसके बाहर भी गाड़ियां रहती हैं। ट्रैफिक की आवाजाही ज्यादा होने की वजह से मॉल के बाहर भीड़ बढ़ने पर जाम के हालात बन गए। रविवार दोपहर बाद से देर शाम तक जाम की स्थिति रही। दरोगा सहित कई पुलिस कर्मियों को ट्रैफिक सुचारू करने में मशक्कत करनी पड़ी। ● अमृत विचार

# सीबीगंज में बच्चों के विवाद में दबंगों का हमला, तनाव

संवाददाता, सीबीगंज

- सीसीटीवी में दिखे हमलावर, गांव तिलियापुर का मामला
- पुलिस ने दो नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** गांव तिलियापुर में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया। दबंगों ने पीड़ित के घर पर हमला बोल दिया। इससे गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने दो नामजद और 20 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम तिलियापुर निवासी इश्तियाक सैफी ने बताया कि 20 मार्च को उनका 10 वर्षीय बेटा तैमूर मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। रास्ते में कुछ बच्चों ने उसे बेवजह पीट दिया। जब इश्तियाक इसकी शिकायत करने बच्चों के घर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी बदसलूकी और मारपीट की। बात बढ़ने पर इश्तियाक अपने परिवार की सुरक्षा के लिए बंडिया स्थित दूसरे मकान पर चले गए। आरोपियों ने फोन कर भीड़ जुटा ली और इश्तियाक के घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर पहुंचकर दरवाजा तोड़ने की कोशिश की और जान से मारने की धमकियां दीं। यह घटना घर के बाहर लगे कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने पतारी उर्फ सुनना, निस्ले सहित 20 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है।

# फरीदापुर चौधरी में फिर मिले गोवंश के अवशेष

## हिंदू संगठनों ने मौके पर पहुंचकर जताया विरोध, जमकर की नारेबाजी, तस्करों की तलाश में जुटी इज्जतनगर पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** इज्जतनगर के फरीदापुर चौधरी इलाके में रविवार को एक बार फिर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक नाले से भारी मात्रा में गोवंश के अवशेष बरामद हुए। बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौके पर डट गए और गोकशी की आशंका जताते हुए जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने नाले से गोवंश के अवशेष निकाल दफना दिए।

संगठनों ने दावा किया कि यहां सुनियोजित तरीके से आधा दर्जन से अधिक गोवंशों का कटान किया गया। मौके पर पहुंचे भारी पुलिस बल और पीएसी ने इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया। पुलिस ने किसी तरह प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। उनका आरोप है कि गोतस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे पुलिस की नाक के नीचे इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बहराल, पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिए हैं। इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। इधर, एसएसपी अनुराग आर्य ने भी मामला संज्ञान में आने पर स्पष्ट चेतावनी दी है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों और गोकशी के गुनहगारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। नाले से मिले अवशेषों को जेसीबी से गड्ढा कर दफना दिया गया।



नाले से गोवंश के अवशेष निकालता युवक। ● अमृत विचार

- पुलिस ने अवशेष नाले से निकलवाकर दफना दिये

### गोकशी : दो हिस्ट्रीशीटर समेत छह गिरफ्तार, एक फरार

**बरेली/हाफिजगंज, अमृत विचार :** अमृत विचार :थाना हाफिजगंज पुलिस ने गोकशी के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दो हिस्ट्रीशीटर समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार 12 मार्च को थाना क्षेत्र के ग्राम सावरखेड़ा में बहगुल नदी किनारे घने जंगल में ग्रामीणों ने गौवंशीय पशु के अवशेष पड़े होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने करीब 40-45 बीघा क्षेत्र में फैली कंटीली झाड़ियों और पेड़ों के बीच सर्च अभियान चलाया, जहां से पुरानी हड्डियां, खोपड़ी और सड़ी-गली खाल बरामद हुई थी। इस मामले में थाना हाफिजगंज में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने टीम गठित कर लगातार सुरागरसी की। इसके बाद 21 मार्च को घेराबंदी कर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में फिदा हुसैन, अशफाक, अजय सिंह, नंद किशोर उर्फ छोटू, सुरेंद्र और करन शामिल हैं। इनमें दो आरोपी हिस्ट्रीशीटर बताए जा रहे हैं। पूछताछ में आरोपियों ने गोकशी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों में लिप्त थे। एक आरोपी फईम निवासी धौराटांडा (थाना भोजीपुरा) पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इस कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक मदन गोपाल, उपनिरीक्षक सत्यवीर गिरि, उपनिरीक्षक नितेश चौधरी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले में और भी अहम खुलासे हो सकते हैं।




## शराब के लिए पैसे न देने पर चालक पर किया हमला

**बरेली, अमृत विचारः** शराब के लिए पैसे न देने पर दबंग ने स्कूल वाहन चालक पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर क्षेत्र के मुंशीनगर निवासी रजनीश यादव एक स्कूल की वैन चलाते हैं। वह 21 मार्च को बच्चों की फीस लेकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि इज्जतनगर रेलवे स्टेशन के पास चाय की दुकान पर बैठे गब्बर यादव ने उन्हें रोककर शराब के लिए रुपयों की मांग की। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने रजनीश के साथ गाली-गलौज की और रॉड से सिर पर प्रहार कर दिया। खून से लथपथ रजनीश को राहगीरों ने तुरंत रेलवे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी. पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# फर्जी पीएम किसान एप से हो रही ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बारादरी के युवक से 72 हजार ठगे, व्हाट्सएप पर आई एपीके फाइल बनी गले की फांस

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी साइबर ठगों के निशाने पर हैं। किसानों को फोन कर उन्हें मोबाइल पर पीएम किसान एप डाउनलोड करने के लिए फर्जी लिंक और फाइल शेयर की जा रही है। लोगों को गुमराह कर आधार नंबर और ओटीपी पूछकर बैंक खातों में सेंध लगाई जा रही है। ऐसे ही एक मामला थाना बारादरी क्षेत्र के आजाद नगर निवासी अशोक कुमार के साथ आया है। उसके खाते से 72,400 रुपये साइबर ठगों ने उड़ा लिये। मामले में बारादारी थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करया गया है। इधर, कृषि विभाग ने इस संबंध में लाभार्थियों को आगाह किया है और विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

पीड़ित अशोक के मुताबिक, 20 मार्च को उनके व्हाट्सएप नंबर पर पीएम किसान योजना से संबंधित एक संदिग्ध एपीके फाइल का लिंक आया था। जैसे ही उन्होंने उस लिंक पर क्लिक किया, उनके मोबाइल का एक्सेस संभवतः हैकर्स के पास चला गया। इसके तुरंत बाद, अपराधियों ने उनके तीन अलग-अलग बैंक खातों में सेंध लगा दी। ठगों ने बैंक ऑफ बड़ौदा से 56,000 रुपये, पंजाब नेशनल बैंक से 9,200 रुपये और भारतीय स्टेट बैंक से 7,200 रुपये पार कर दिए। इधर, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी का कहना है कि साइबर ठग पीएम किसान योजना से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइटों और मोबाइल एप का निर्माण कर रहे हैं। ये ठग लाभार्थियों को फोन कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप या ईमेल के माध्यम से फर्जी लिंक भेजते हैं। जैसे ही कोई लाभार्थी इन लिंक पर क्लिक करता है या फर्जी एप डाउनलोड करता है, ठगों को उनके मोबाइल फोन का एक्सेस मिल जाता है। इसके बाद वह चालाकी से बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड जैसी जानकारी हासिल कर लेते हैं।

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट से हिंदू समाज में आक्रोश

**बरेली, अमृत विचारः** भोजीपुरा के गांव ग्राम मझौआ में सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने से सांप्रदायिक तनाव और भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि एक स्थानीय युवक ने फेसबुक पर पोस्ट किए गए वीडियो में हिंदू समुदाय के विरुद्ध अभद्र भाषा और धमकी भरे शब्दों का प्रयोग किया, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

मामले के तूल पकड़ते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' (पूर्व में ट्विटर) पर भी बरेली और यूपी पुलिस को टैग कर सख्त कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका को देखते हुए स्थानीय निवासियों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल, पुलिस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वीडियो की जांच और आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने में जुट गई है।

- पुलिस वीडियो की जांच व आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी

# बारादरी में जाति सूचक शब्दों के विरोध पर छात्र से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपी छात्रों ने पिटाई का वीडियो किया वायरल
- एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट जोगी नवादा का मामला

**अमृत विचार :** दलित छात्र से मारपीट और जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने के मामले में बारादरी पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर पांच नामजद छात्र और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा निवासी संतोष कुमार ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र प्रियांशु कक्षा 11 का छात्र है। आरोप है कि 18 फरवरी को मोहल्ले में ही खुशी स्वीट्स के सामने विद्यालय के ही कुछ छात्रों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने बेटे के साथ गाली-गलौज और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे लात-घूसों से पीटा।

आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। संतोष कुमार ने शिकायत में बताया कि आरोपियों ने बेटे से कहा कि तुम्हारी उनके साथ महंगे स्कूल में पढ़ने की हैसियत नहीं है। स्थानीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई न होने पर पीड़ित परिवार ने एसएसपी से मुलाकात की।

कप्तान ने तत्काल बारादरी पुलिस को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। बारादरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर लिया। विवेचना क्षेत्राधिकारी को सौंप गई है। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो को साक्ष्य के रूप में शामिल किया गया है। आरोपी छात्रों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

### पट्टे की जमीन को लेकर हुए विवाद में महिला और बेटियों पर किया जानलेवा हमला

**बरेली, अमृत विचार :** पट्टे की जमीन के विवाद में कुछ लोगों ने महिला और उसकी बेटियों के साथ मारपीट की। विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव बिरिया नरायनपुर की ज्ञानवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पट्टे की जमीन पर झोपड़ी डालकर पुत्रियों के साथ रहती हैं। 20 मार्च को जब वह घर का निर्माण करा रही थीं, तभी गांव के ही भगवान देई और उसके पुत्र अर्जुन, राम, लखन व एक अन्य महिला राजकुमारी ने वहां पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने न केवल निर्माण कार्य रुकवाया, बल्कि जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते जान से मारने की धमकी दी। जब उसकी बेटी अर्चना और रचना ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। शोर सुनकर जब ग्रामीण पहुंचे तो आरोपियों ने नवनिर्मित दीवार तोड़कर निर्माण सामग्री फेंक दी। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि शिकायत की गई तो वे लड़कियों को उठाकर उनकी हत्या कर देंगे। थाना सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**आयोजन** — डीआईजी अजय साहनी ने की पहल, परिक्षेत्र के 81 पुलिसकर्मियों ने सीखी बचाव की बारीकी

# पुलिस लाइन में लगी एड्स जागरूकता पाठशाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** पुलिस लाइन के सभागार में रविवार को एचआईवी/एड्स पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई। डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के सहयोग से हुए कार्यक्रम में मंडल के सभी जनपदों के पुलिस अफसरों व कर्मचारी शामिल हुए।

विशेषज्ञों ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम, समय पर जांच, उपलब्ध उपचार और सबसे महत्वपूर्ण संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव मुक्त वातावरण बनाने पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में बरेली से 21 और बदायूं, शाहजहांपुर व पीलीभीत से 20-20 प्रतिभागियों सहित कुल 81 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन ने कहा कि पुलिस बल समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए उनका शारीरिक रूप से सुरक्षित और मानसिक रूप से संवेदनशील होना अनिवार्य है, ताकि वे एक जागरूक लोक सेवक के रूप में समाज का मार्गदर्शन कर सकें। क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर हिना अयाज ने एड्स से जुड़ी सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का आह्वान किया।

सीएसओ प्रेमचंद्र शर्मा ने कहा जागरूकता ही इस बीमारी का सबसे बड़ा उपचार है। डीएमडीओ आकाश चौधरी ने कहा कि पुलिसकर्मी इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान काउंसलर जीशान, शालिनी सिंह, नंदा आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में मंडल के पुलिस अफसर और कर्मियों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

- पुलिसकर्मियों को मिला एड्स से बचाव और संवेदनशीलता का मंत्र, करेंगे जागरूक

## अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरेली/मीरगंज अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना बरेली रामपुर रोड पर उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। मृतक की पहचान ग्राम टिटौली, थाना फतेहगंज निवासी लालाराम पुत्र ख्यालीराम के रूप में हुई है। वह 2 मार्च की शाम मोटरसाइकिल से रुद्रपुर से अपने घर लौट रहे थे। उसी दिन ग्राम नल नगरिया स्थित राया अस्पताल के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे एक डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे घटनास्थल पर हीलालाराम की मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। अब मृतक के भाई लेखराज ने गुरुवार को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### रविवार को 91 रजिस्ट्री कर कमाया एक करोड़ का राजस्व

बरेली, अमृत विचार : शासन के निर्देश पर रविवार को भी जिलेभर के सभी रजिस्ट्री दफ्तर खोले गए। छुट्टी के दिन भी कार्यालयों के खोले जाने के प्रचार प्रसार की कमी की वजह से ज्यादा रजिस्ट्री नहीं हुई। फिर भी सदर के दोनों रजिस्ट्री दफ्तरों को मिलाकर सभी दफ्तरों में 91 रजिस्ट्रियां हुईं। इनसे शासन को एक करोड़ रुपये राजस्व का लाभ हुआ। एआईजी स्टांप तेज सिंह यादव ने बताया कि रविवार को रजिस्ट्री दफ्तरों में 91 रजिस्ट्री हुई हैं।

### सतेंद्र जैन अध्यक्ष और अनुभव जैन बने मंत्री

बरेली, अमृत विचार : जैसवाल जैन सभा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। रामपुर गार्डन स्थित जैन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री सौरभ जैन का स्वागत किया गया। सभा के अध्यक्ष पद पर सतेंद्र जैन, मंत्री अनुभव जैन, ऑडिटर सुमन कुमार जैन और कोषाध्यक्ष अश्वनी जैन को नियुक्त किया गया। साथ ही जैसवाल जैन महिला मंडल बरेली का गठन करते हुए मीनेश जैन को अध्यक्ष बनाया गया। पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए सौरभ जैन ने सभी राजनीतिक दलों से जैन समाज को उचित भागीदारी देने की मांग की। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बरेली इकाई राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाएगी।




# शहर में सिलेंडर के ऐसे पड़े लाले लकड़ी-उपले खोज रहे घरवाले

## उपभोक्ता बोले, एजेंसी कर्मचारी कर रहे अभद्रता, ऑनलाइन नहीं हो पा रही बुकिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: जिला पूर्ति अधिकारी गैस की किल्लत न होने का दावा करते आ रहे हैं। विभागीय टीम को किसी एजेंसी पर रिकार्ड में कोई कमी भी नहीं मिल रही है। इसके बावजूद लोग परेशान हैं। न लोगों की बुकिंग हो रही है न ही उन्हें सिलेंडर मिल रहा है। उल्टा एजेंसी चालक उन्हें डांटकर भगा दे रहे हैं। ऐसे में परिवार का चूल्हा जलाने के लिए तमाम लोगों को लकड़ी बीनकर काम चलाना पड़ रहा है।

ईरान-इजराइल युद्ध के लंबा खिंचने की वजह से जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम कागजों में तो वही है, लेकिन उसे हासिल करने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ रही है, ये आम आदमी ही जानता है। पढ़े-लिखे लोग अपनी बुकिंग करा दे रहे हैं लेकिन अब भी एक तबका इससे कोसों दूर है। उनकी फोन से बुकिंग हो नहीं रही है और ऑनलाइन उन्हें सिलेंडर बुक करना आता नहीं है।


प्लाट और उसके आस-पास में लकड़ियां एकत्र करते युवक। ● अमृत विचार

- काम पर जाने से पहले खाना बनाने को तलाशते हैं लकड़ियां
- पीड़ित बोले- हम परेशान हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है

लोग आरोप लगा रहे हैं कि एजेंसी जाने पर वहां से उन्हें डांटकर भगा दिया जा रहा है। अब वह घर का चूल्हा जलाने के लिए काम पर जाने से पहले आस-पास के इलाके में लकड़ी बीनकर ले जाते हैं। जब खाना बन जाता तो तब काम पर जाते हैं, लौटते समय फिर से उन्हें लकड़ी बीनकर घर लानी होती है, ताकि रात का चूल्हा जल सके। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी से स्थिति जानने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

### 60 रुपये की हो गई 50 रुपये वाली भटूरे की प्लेट

सुरेश शर्मा नगर चौराहे पर कई लोग भटूरे, नान और कचौड़ी का ठेला और स्टाल लगाते हैं। वहां पर सबके अपने अलग-अलग दाम है। सिलेंडर पर काम करने वाले एक भटूरे वाले पहले 50 रुपये प्रति प्लेट के हिसाब से भटूरे, पूड़ी और नान बेचा करते है। दो दिनों से उन्होंने अपनी प्रति प्लेट का दाम 60 रुपये कर दिया है। उनका लोगों से कहना है कि सिलेंडर महंगा मिल रहा है इसलिए दाम बढ़ाए गए है।

### 200 से 250 रुपये किलो तक बिक रही गैस

ठेले पर बिरयानी, टिक्की, मोमोज समेत अन्य खाने की चीजें बेचने वाले रेहड़ी वालों से जब सिलेंडर के दाम पूछे गए तो उन्होंने बताया कि उन्हें छोटा सिलेंडर रिफिल कराने के लिए दुकानदार को 200-250 रुपये प्रति किलो गैस के दाम देने पड़ रहे है। इससे जाहिर है कि एजेंसी वाले या उनके सहयोगी रिफिल करने वालों को तो सिलेंडर मुहैया करवा रहे हैं लेकिन आम आदमी अभी भी इससे दूर है।

### लोगों की सुनें


कई दिनों से गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के चक्कर काट रहा हूं। कोई सुनने वाला ही नहीं है। छोटे बच्चे हैं खाना बनाने में बहुत दिक्कत हो रही है। - **श्याम बाबू**, निवासी नवादा शेखान


सिलेंडर न मिलने से परेशानी हो रही है। घर में बुजुर्ग मां है, मजबूरी में जंगल से लकड़ी लाकर चूल्हा जलाना पड़ रहा है। इससे घर में खाना तो बन ही जा रहा है। -**विनोद मौर्य**, निवासी गुलाब बाड़ी


हमारे यहां सुबह 7 बजे से लाइन लगती है, 11 बजे नंबर आता है, फिर भी गैस नहीं मिलती। वहीं सिलेंडर देने वाले कर्मचारी सही से बात नहीं करते। -**राजू**, भीमसेन मंदिर के पास निवासी

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर शिवालयों में होंगे कार्यक्रम बरेली से निकलेगी यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


स्थानीय शिवालयों में रुद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव आदि भी होंगे आयोजित

अमृत विचार: केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के निर्देश पर सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष एवं मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। मुख्य सचिव की ओर से कमिश्नर, डीएम आदि विभागों के अधिकारियों को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर कार्यक्रम आयोजित कराने से लेकर सोमनाथ यात्रा निकालने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से जारी पत्र में बताया है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की गुजरात के प्रभास पाटन में स्थित यह मंदिर द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम है। इतिहास में अनेक बार आक्रमण और विध्वंस के बावजूद यह मंदिर बार-बार पुनर्निर्मित हुआ, जो भारतीय सभ्यता की अदम्य शक्ति और पुनरुत्थान की भावना का प्रतीक है। 11 जनवरी 2026 से शुरू हुआ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 11 जनवरी 2027 तक मनाया जाएगा। जिसमें स्थानीय स्तर जिला, ब्लॉक और तहसील के सभी शिवालयों में भजन संध्या, रूद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव आदि किए जाएंगे। संभावित तिथि 19 अप्रैल निर्धारित की है। इससे पहले जनपद, तहसील एवं विकास खंड स्तर के शिवालयों में आयोजन कराने के लिए नोडल अधिकारी नामित कर शिवालयों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

आयोजन में सामूहिक मन्त्रोचार, ओंकार जाप, सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन, सोमनाथ पर आधारित गाथा प्रस्तुतीकरण होंगे। शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा विभाग के सहयोग से शिवपुराण पर आधारित चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं काव्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सोमनाथ यात्रा की प्रस्तावित तिथि 19 अप्रैल निर्धारित है। लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम होने के बाद यात्रा सोमनाथ गुजरात के लिए झंडी दिखाने के बाद प्रस्थान करेगी।

बरेली से 10 तीर्थ यात्रियों का चयन डीएम द्वारा गठित समिति करेगी। जिला स्तरीय अधिकारी संपूर्ण यात्रा के दौरान अपने जनपद के तीर्थयात्रियों के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करेंगे।

# भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं पार्टी पदाधिकारी: वनमंत्री

बरेली, अमृत विचार: सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय पर महानगर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने पटका और स्मृति चिन्ह देकर सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने सभी नवनियुक्त महानगर पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की नीतियों को जन-जन पहुंचाएं। छत्रपाल गंगवार ने कहा कि सभी पदाधिकारी जी-जान से संगठन के लिए कार्य करें। डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण कार्यकर्ता हैं। एससी-एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में पदाधिकारियों में प्रभु दयाल लोधी, डॉ तृप्ति गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, राज किशोर कश्यप, प्रवेश वर्मा, डॉ रामचंद्र मौर्य, अमरीश कठेरिया, विभु शर्मा, विष्णु शर्मा, डॉ आदेश गंगवार, राजीव साहनी, अजय चौहान, रितेश गुप्ता, लता सिंह बघेल, रेनू शर्मा, कुमार गौरव शर्मा, राधे गुर्जर, मनजीत सिंह नागपाल, सत्तू सागर, रितु सागर, विपिन भास्कर का भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।



भाजपा कार्यालय में सम्मान के बाद अतिथियों के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी।

- भाजपा महानगर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

# कृष्ण स्वरूप को मिला प्रताप नारायण मिश्र साहित्य सम्मान

बरेली, अमृत विचार: संयुक्त शिक्षा निदेशक बरेली मंडल कार्यालय के सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक कृष्ण स्वरूप सक्सेना को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश की ओर से रविवार को लखनऊ में हुए कार्यक्रम में 'प्रताप नारायण मिश्र साहित्य सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किया गया।

लखनऊ के गोमती नगर स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल, विशाल खंड में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान उन्हें प्रदान किया गया। इस दौरान उन्हें एक लाख रुपये की धनराशि, शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।


कृष्ण स्वरूप सक्सेना का सम्मान।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा, आईपीएस रामकृष्ण स्वर्णकार, डॉ. हरिओम, आईएएस डॉ. अखिलेश मिश्रा और संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से श्रीकृष्ण सक्सेना को सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने उनके साहित्यिक कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायक बताया।

# हाईकोर्ट की फटकार के बाद बनाई जांच कमेटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली,

अमृत विचार: विकास भवन के जिला विकास विभाग में नियम ताक पर रखकर लिए गए एक फैसले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फटकार लगाई है। मामला दस उर्दू अनुवादकों के तृतीय वित्तीय स्तरोन्नयन से जुड़ा है, जिन्हें दस साल की सेवा के बाद ग्रेड वेतन 4600 रुपये का लाभ दिया गया था। 4 दिसंबर 2025 को इन कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश को निरस्त कर दिया गया था। जिला विकास अधिकारी के इस फरमान के खिलाफ जब कर्मचारी अदालत पहुंचे तो कोर्ट ने साफ कर दिया कि बिना ठोस आधार के कर्मचारियों के वित्तीय लाभ नहीं छीने जा सकते।

कोर्ट ने पुराने आदेश को खारिज कर तीन महीने के भीतर नया आदेश पारित करने के अल्टीमेटम दिया। इसी क्रम में डीडीओ की ओर से 9 मार्च 2026 को नया आधिकारिक आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत प्रकरण के पुनर्परीक्षण के लिए तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस जांच दल में जिला ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान भोजीपुरा के जिला प्रशिक्षण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी मीरगंज और जिला विकास कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी को शामिल किया गया है। उधर, उर्दू अनुवादों में इस समय हड़कंप मचा है, क्योंकि नवगठित समिति को अपनी स्पष्ट आख्या मात्र 10 दिनों में प्रस्तुत करने का निर्देश था। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पटल सहायक (स्थापना-02) सभी संबंधित अभिलेख समिति को तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि न्यायालय के आदेश का अनुपालन समय सीमा के भीतर हो सके।

- उर्दू अनुवादकों का तृतीय वित्तीय स्तरोन्नयन प्रकरण

# 84 घंटा मंदिर के व्यवस्थापक रविंद्र मोहन गर्ग का निधन





कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: बदायूं रोड स्थित प्रसिद्ध चौरासी घंटा मंदिर के व्यवस्थापक रविंद्र मोहन गर्ग का रविवार सुबह करीब 5 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। चौरासी घंटा मंदिर की स्थापना उनके पिता उमाशंकर गर्ग ने कराई थी। पिता के बाद रविंद्र मोहन गर्ग ही मंदिर की व्यवस्थाओं की देखरेख करते थे।

सेवादारों ने बताया है कि रविंद्र मोहन गर्ग रोज की तरह सुबह मंदिर की साफ-सफाई कर गेट खोलने के बाद पास की दुकान से फूल लेने गए थे। इसी दौरान वे अचानक गिर पड़े। उनका निधन हो गया।

उनके निधन पर स्थानीय लोगों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर में सिटी श्मशान भूमि पहुंची, जहां लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। रविंद्र मोहन 5 भाइयों में तीसरे नंबर के थे। उनके परिवार में 4 बेटियां हैं। चारों बेटियों की शादी हो चुकी है।

# दुष्प्रचार का शिकार न हों, हमेशा ऊंचा रखें मनोबल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में रविवार को बदायूं रोड स्थित मंडल कार्यालय पर क्षत्रिय समागम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रहते किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के दुष्प्रचार का शिकार न होते हुए सदैव मनोबल ऊंचा रखने की जरूरत है। सरकारी नौकरी के लिए एड़ियां रगड़ने के बजाय नौकरी देने वाला बनने का लक्ष्य होना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि पूर्व डिप्टी मेयर डॉ सीपीएस चौहान ने कहा कि संगठन की महत्ता वक्त की जरूरत है। शैलेंद्र महाराज ने सनातन की रक्षा में क्षत्रिय समाज से आगे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। राजपूत महासभा के संरक्षक ऋषिपाल सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर डॉ सीपीएस चौहान व ब्लाक प्रमुख क्यारा अरविंद चौहान व स्वामी शैलेंद्र महाराज ने बार अध्यक्ष फरीदपुर जितेंद्र चौहान, एडीजीसी तेजपाल राघव, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक योगेन्द्र भदौरिया, नामित पार्षद अशोक चौहान, पूर्व सभासद आंवला नवीन सिंह, भाजपा नगर मंत्री अजय चौहान, चौबारी के प्रधान पप्पू सिंह, रमपुरा रत्न के प्रधान अशोक सिंह का पटका पहनाकर स्वागत किया। विधिक सलाहकार हरि प्रताप सिंह राठौड़ बदायूं ने कहा कि आज के दौर में शासन सत्ता क्षत्रिय समाज की उपेक्षा कर रही है। सामाजिक संगठन को सशक्त बनाकर ही समाज की प्रगति की जा सकती है। संचालन करते हुए प्रधान महासचिव आलोक चौहान संघर्षी ने कहा कि सवर्ण विरोधी मानसिकता के परिचायक यूजीसी संशोधन जैसे गैर जरूरी कानून को रद्द किया जाना चाहिए।

मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार सवर्ण आयोग का गठन करे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रेम पाल सिंह तोमर, राकेश भदौरिया, सुशील सिंह, बसंत चौहान, जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह, आनंद सिंह बैंस, रामेंद्र सिंह भदौरिया, यूपी सिंह, जेपीएस तोमर, अजय प्रताप सिंह, विश्व प्रताप सिंह, रविन्द्र राठौड़, देवेन्द्र सिंह, वीएस सेंगर, अरविंद चौहान, दीपक पाठक, मनोज सिंह ने भी विचार व्यक्त किये।



क्षत्रिय समागम में मंचासीन विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा आदि संगठन के पदाधिकारी।

- क्षत्रिय महासभा के क्षत्रिय समागम में बोले विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा
- सनातन की रक्षा में क्षत्रिय समाज से आगे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान




**अभियान** इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज चला रहा जागरूकता माह

# दांत घिसता है बच्चा! जानें कारण और निवारण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बच्चों में रात के समय दांत घिसने की आदत को चिकित्सकीय भाषा में ब्रुक्सिज्म कहा जाता है। वर्तमान में यह एक उभरती हुई समस्या बनती जा रही है। अक्सर यह आदत नींद के दौरान होती है, जिसके कारण माता-पिता को इसका समय पर पता नहीं चल पाता।

विशेषज्ञों के अनुसार यदि इस समस्या को नजरअंदाज किया गया तो बच्चों के दांतों और जबड़ों पर दीर्घकालिक दुष्प्रभाव डाल सकती है। इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से बच्चों के दांतों को बीमारियों से बचाने के लिए जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है।



### मुख्य कारण : तनाव और दिनचर्या

दंत विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में मानसिक तनाव, पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक वातावरण में बदलाव तथा अत्यधिक स्क्रीन टाइम इस आदत के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। दांतों का असंतुलित जमाव, नींद से जुड़ी समस्याएं और कुछ शारीरिक कारण भी ब्रुक्सिज्म को बढ़ावा दे सकते हैं।

### समस्या के क्या हैं दुष्प्रभाव ?

रात में लगातार दांत घिसने से दांतों की बाहरी परत (एनामेल) घिसने लगती है, जिससे संवेदनशीलता और दर्द की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसके साथ ही जबड़े में दर्द, सिरदर्द, चेहरे की मांसपेशियों में थकान और गंभीर मामलों में दांतों का टूटना या असामान्य घिसाव भी देखा जाता है।

### पेडोडॉन्टिस्ट की भूमिका अहम

बच्चों के दंत विशेषज्ञ यानी पेडोडॉन्टिस्ट, इस समस्या के निदान और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न केवल बच्चे के दांतों और जबड़ों की जांच करते हैं, बल्कि समस्या के मूल कारणों को पहचान कर उचित उपचार योजना तैयार करते हैं। कई मामलों में दांतों को सुरक्षित रखने के लिए नाइट गार्ड की सलाह दी जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि माता-पिता को बच्चों की नींद की आदतों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। यदि रात में दांत पीसने की आवाज सुनाई दे या बच्चा सुबह जबड़े में दर्द की शिकायत करे तो तुरंत दंत चिकित्सक से परामर्श लें।

# किसानों को ओयस्टर उत्पादन का प्रशिक्षण


किसानों को दिया गया ओयस्टर मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्लांट सांइस विभाग की ओर से रविवार को भुता क्षेत्र के गांव मियूड़ी खुर्द में किसानों को ओयस्टर मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया। शिविर में मशरूम विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार सिंहाल ने किसानों को ओयस्टर मशरूम की वैज्ञानिक खेती, देखभाल और विपणन की जानकारी दी। ओयस्टर मशरूम की खेती कम लागत में अधिक लाभ देने वाली है। वर्तमान में यह मशरूम सब्जी मंडी में 120 से 150 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है, जबकि इसकी उत्पादन लागत मात्र 10 से 15 रुपये प्रति किलो है। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट राजमणि सिंह ने किसानों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने स्वयं मशरूम बैग तैयार किए, जिन्हें बाद में निशुल्क वितरित किए गए।

## सिटी ब्रीफ

### योजनाओं की चित्र प्रदर्शनी लगाई

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर हार्ट मन रामलीला मैदान में 7 दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियां को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी 26 मार्च तक चलेगी। जनसामान्य को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनी में बताया है कि स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को कैसे आत्मनिर्भर बनाया है। खेती बाड़ी में ड्रोन का उपयोग को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने में स्वास्थ्य सखियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आजीविका मिशन के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं।

### संडे ऑन साइक्लिंग रैली आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय खेल प्राधिकरण ( साई ) के तत्वावधान में फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत संडे ऑन साइक्लिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह रैली विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण व फिटनेस के संदेश के साथ निकाली गई। रैली की शुरुआत भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र से होकर धोपेश्वर नाथ मंदिर, शास्त्री चौक और अन्य प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए वापस केंद्र पर समाप्त हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नियमित व्यायाम व साइक्लिंग को दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करना रहा। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वन अधिकारी वैभव चौधरी और केंद्र प्रभारी संदीप मोहन चौधरी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, सैनिकों सहित करीब 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# रिद्धिमा में गुरु-शिष्यों ने मिलकर बिखेरा सुरों का जादू

- एसआरएमएस में संपूर्ण भैरवी का हुआ आयोजन, श्रृंगार रस में डूबे नजर आए तमाम श्रोता

कार्यालय संवाददाता, बरेली


रिद्धिमा में संपूर्ण भैरवी कार्यक्रम में प्रस्तुति देते गायन के विद्यार्थी और गुरु। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम आयोजित संपूर्ण भैरवी कार्यक्रम में गायन के विद्यार्थियों और गुरुओं ने अपने स्वरों का जादू बिखेरा। मंत्र मुग्ध श्रोता स्वर गंगा की विभिन्न लहरियों में बहते चले गये। कभी प्रेम रस से भीगे तो कभी श्रंगार में झूमे।

इंस्ट्रूमेंट गुरुओं सूर्यकांत चौधरी, सुरेंद्र सिंह, विशेष सिंह, ऋषभ आशीष पाठक, दीपकांत जौहरी, सीमा, जेरिक अमन जेम्स और दीपक राना अपने वाद्ययंत्रों के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया। गायन के विद्यार्थियों अश्वथ कपूर, रेयांश, शालिनी पांडेय, अर्णव कनौजिया, अतिशय गोयल, नीलम, माही, मानसी, अशोक, गीतू, सोनम, अंशुमा ने 'जगत जननी' की आराधना प्रस्तुत की। गायन गुरु सात्विक मिश्रा और डा.वंदना दुग्गल खन्ना ने राग भैरवी में अपनी प्रस्तुति दी। गुरु प्रियंका ग्वाल ने गीत 'सैंया निकल गए' और 'हमारी अटरिया पे' को स्वर देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। गायन के विद्यार्थियों ने विभिन्न फिल्मी गीतों के फ्यूजन को अपनी बंदिश और तराना में पेश किया। फिल्म कुदरत के लिए मजरूह सुल्तानपुरी लिखित प्रसिद्ध फिल्मी गाने 'हमें तुमसे प्यार कितना' को इंदू परडल ने अपनी आवाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं को प्रेम रस में भिगोया।

अंत में गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने 'बाजू बंद खुल जाए' और 'बरजोरी कीनी रे' को अपनी आवाज दी। कार्यक्रम का संचालन दीपाली सक्सेना ने किया। चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ.शैलेश सक्सेना, डॉ.आशीष कुमार, डॉ.रीता शर्मा मौजूद रहे।

# एपीओ परीक्षा : 6 हजार अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

- कड़ी निगरानी के बीच 24 केन्द्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल सम्पन्न हो गई। परीक्षा के लिए बनाए गए 24 केंद्रों पर कुल 11,196 अभ्यर्थियों में से 5,148 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। बाकी 6048 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक आयोजित की गई। अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे से 8 बज कर 45 मिनट तक ही केंद्रों में प्रवेश दिया गया।

अभ्यर्थियों की कड़ी निगरानी के बाद ही परीक्षा कक्षों में प्रवेश दिया गया। सभी अभ्यर्थियों के लिए बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया, जिसके बिना किसी को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा के लिए बरेली इंटर कॉलेज, एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज, इस्लामियां गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज, बिशप मंडल इंटर कॉलेज, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज और पीसी इंटर कॉलेज सहित कुल 24 शिक्षण संस्थानों को केंद्र बनाया गया था।

# राधे अलबेली सरकार, सनातन मेले में भक्ति की बयार

## अतुल पंडित ने दी भजनों की शानदार प्रस्तुति, बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली


सनातन मेले में भजनों की प्रस्तुति देते अतुल पंडित। ● अमृत विचार


चतुर्थ सनातन मेले में बड़ी संख्या में लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से आयोजित भव्य चतुर्थ सनातन मेले में रविवार को भक्ति और संस्कृति का संगम देखने को मिला। कलाकार अतुल पंडित ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिसे सुनकर लोग झूम उठे। 'राधे अलबेली सरकार' जैसे भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।

अतुल पंडित ने 'श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम' और 'राधे-राधे जपो चले आएंगे बिहारी' जैसे लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए। वहीं 'बम लहरी हर हर महादेव', बगड़ बम बगड़ बम, और 'राम नाम की लूट है' जैसे भजनों ने पूरे पंडाल को उत्साह से भर दिया। भजनों के साथ श्रद्धालु नृत्य करते नजर आए और पूरा मेला सनातन रंग में डूब गया। भक्ति संगीत के साथ ही मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मेले में साड़ियों, सूट, ज्वेलरी और अन्य आकर्षक वस्तुओं के स्टॉलों पर भी लोगों की भारी भीड़ रही और जमकर खरीदारी हुई। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक संजीव अग्रवाल, एमपी आर्य की उपस्थिति रही। ट्रस्ट के अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, सचिव भावेश अग्रवाल, मेला प्रभारी मुकेश जैन, सह मेला प्रभारी राहुल गुप्ता, राजन जैन, मनोज दीक्षित, दिनेश गोयल, डॉ. पवन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, डीके सक्सेना, सुबोध गुप्ता, आरके भास्कर, उमेश निमानी, आशु अग्रवाल, अमित भारद्वाज, मुकेश बंसल, आशीष तायल, प्रवेश उपाध्याय, मनीष जैन, रुचि अग्रवाल, राहुल गुप्ता, पवनदीप सिंह, रोहित जिंदल, माधव अग्रवाल, दिनेश खंडेलवाल, आलोक अग्रवाल, रोहित गुप्ता, सुमित अग्रवाल आदि का सहयोग रहा। इस दौरान लकी ड्रा का भी आयोजन हुआ। जिसमें आलमगीरीगंज निवासी निमिशा मित्तल की हीरे की अंगूठी निकली।

उधर, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ब्रज प्रांत नारी शक्ति ने विश्व जल दिवस पर मेला प्रांगण में लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। महानगर प्रमुख रचना सक्सेना, शालू सक्सेना, शीलू, रेखा श्रीवास्तव, अंजलि, लवली मौजूद रहीं।

# क्रिकेट : पंजाब एंड सिंध बैंक ने कैनरा बैंक को हराया

**बरेली, अमृत विचारः** पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग टूर्नामेंट के तहत निशांत पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को खेले गए 12वें लीग मैच में पंजाब एंड सिंध बैंक ने कैनरा बैंक को 98 रनों के बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब एंड सिंध बैंक ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 244 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान प्रेम प्रकाश ने 56 रनों की आक्रामक पारी खेली, जबकि रवि रंजन ने 66 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैनरा बैंक की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 146 रन ही बना सकी। रवि रंजन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजक प्रभात व मीडिया प्रभारी कपिल पांडे ने विजेता टीम को बधाई दी।

# शतरंज की बिसात पर शिवा, मेदांत और अर्जित ने दी विपक्षियों को मात



प्रतिभागियों के साथ बीडीए उपाध्यक्ष व स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

- बीडीए उपाध्यक्ष ने चली पहली चाल, माधवराव सिंधिया स्कूल में 'शह और मात' की गूंज
- अंडर-7 से अंडर-19 तक में चयनित खिलाड़ी अब राज्य स्तर पर दिखाएंगे बरेली का जलवा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बरेली शतरंज एसोसिएशन और माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता में जिले भर के नन्हे उस्तादों ने अपनी मानसिक मेधा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन. ए ने पहली चाल चलकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन और दूरदर्शिता सीखने का एक सशक्त माध्यम है।

प्रतियोगिता का रोमांच अंडर-7 से लेकर अंडर-19 तक के विभिन्न आयु वर्गों में देखने को मिला, जहां हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी रणनीतिक कुशलता से प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ने की कोशिश की। अंडर-7 बालक वर्ग में शिवा मिश्रा और बालिका वर्ग में परीक्षा बाजपेई ने बाजी मारी। अंडर-9 में मेदान्त प्रताप सिंह व अक्षिता सिंह, अंडर-11 में मृत्युंजय सक्सेना व प्रीनी शर्मा और अंडर-13 में आराध्या कुमार आर्य व अनन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी तरह अंडर-15 में आर्यन व आरना सक्सेना, अंडर-17 में परेक्षा और अंडर-19 वर्ग में अर्जित पीटर विजेता घोषित किए गए।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मानद सचिव राम किशोर और चीफ आर्बिटर नीरज रावत की देखरेख में निर्णायक मंडल ने पारदर्शी तरीके से परिणाम घोषित किए। बरेली शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल और प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका सरकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित खिलाड़ी अब उच्च स्तरीय राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बरेली का प्रतिनिधित्व करेंगे। अभय मोहन शर्मा, अतुल मिश्रा और डॉ. शमीम अहमद सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# नव संवत्सर को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग


गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी।

- विद्यामंदिर में हुई विचार गोष्ठी में विक्रम संवत की वैज्ञानिकता पर हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत बरेली के तत्वावधान में नव संवत्सर 2083 के उपलक्ष्य में विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन ब्रज लोक कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विक्रम संवत की ऐतिहासिकता और वैज्ञानिकता पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही गोष्ठी में उपस्थित रहे बरेलियंस ने नवसंवत्सर को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग उठायी।

मुख्य वक्ता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि विक्रम संवत की कालगणना सूर्य और चंद्रमा दोनों की गतियों पर आधारित है, इसलिए यह सबसे शुद्ध और प्रमाणिक मानी जाती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में उमेश चंद्र गुप्ता ने नव संवत्सर को समाज में व्यापक रूप से मनाने पर जोर दिया और इसकी सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा ने भी विचार रखे। अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार उमेश चंद्र गुप्ता ने की, जबकि संचालन निरुपमा अग्रवाल ने किया। विमलेश चंद्र दीक्षित, निरुपमा अग्रवाल, डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा, उमेश चंद्र गुप्ता, शिव ओम शर्मा, उमेश त्रिगुणायत, अभिषेक अग्निहोत्री, गंगाराम पाल, अनिल शर्मा, संजीव शंखधार, एसके कपूर 'हंस', डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, मोहन चंद्र पांडेय, रितेश कुमार साहनी, गुरविंदर सिंह और प्रमोद मिश्रा सहित कई साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रांतीय संगठन मंत्री निरुपमा अग्रवाल और जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह को सम्मानित किया गया।

## सिटी डायरी

### बीएचयू के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में रुविवि की प्रोफेसर का व्याख्यान



**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रिया सक्सेना ने वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय ज्ञान परंपरा विविध आयाम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। डॉ. प्रिया सक्सेना ने शनिवार को रीइंटरप्रेटेटिंग आर्टिस्टिक ट्रेडीशन थ्रू इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि वैदिक काल से ही शिल्प और कला भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहे हैं, जो वैदिक साहित्य और गुरुकुल शिक्षा प्रणाली में शामिल थे। पुरातात्विक साक्ष्यों के माध्यम से भी इन परंपराओं की पुष्टि होती है। उन्होंने ऋग्वेद में वर्णित शिल्प देव त्वष्टा और विश्वकर्मा की परंपरा को आधुनिक संदर्भों से जोड़ते हुए बताया कि मृदभांड, टेराकोटा मूर्तियां, आभूषण तथा धातु शिल्प जैसी विधाएं भारतीय सांस्कृतिक विरासत की महत्वपूर्ण धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है। सम्मेलन के आयोजक प्रो. गंगाधरण और सह-आयोजक डॉ. राम प्रकाश शर्मा ने उनके व्याख्यान की सराहना की। समापन सत्र में आरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शैलेंद्र चतुर्वेदी, प्रो. रजनीश शुक्ल और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद के सदस्य सचिव ओम उपाध्याय ने भी विचार रखे। सम्मेलन भारतीय संस्कृति के विविध आयामों को उजागर करते हुए संपन्न हुआ।

### राष्ट्रीय कला कार्यशाला : कलाकारों को सम्मानित किया



**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में चार दिवसीय राष्ट्रीय कला कार्यशाला का रविवार को समापन हो गया। उत्कर्ष ललित कला अकादमी की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में देशभर से आए कलाकारों को सम्मानित किया गया। शिवेंद्र सिंह, कावेरी विज, रामशब्द सिंह, अनंता कटियाल, नम्रता स्वर्णकार, मधु, कुमकुम भारद्वाज, नवल किशोर और वीरेंद्र वर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वहीं, रोशनी अग्रवाल, ओम प्रकाश सिंह, सरोज रानी, हिमांशु कुमार, शुभम राठौर, त्रप्ति रंजन और विकास को उत्कृष्ट कृतियों के लिए 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। अतिथियों ने कलाकारों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन कला को नई दिशा देते हैं। मुख्य अतिथि कुलाधिपति एवं महापौर डॉ. उमेश गौतम उपस्थित रहे। प्रो-चांसलर पार्थ गौतम, संघ के प्रांत संघ चालक शशांक भाटिया, वन मंत्री डॉ अरुण कुमार, अयोध्या राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मीडिया समन्वयक शरद शर्मा भी मौजूद रहे।

### उल्लास उत्सव में बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





**बरेली, अमृत विचार :** संस्कार किड्स किंगडम की सभी शाखाओं का वार्षिकोत्सव ''उल्लास उत्सव'' के रूप में डॉ. सुशीला गिरीश कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, विशेषकर स्वच्छ वायु का संदेश दिया। संस्कार के निदेशक आलोक प्रकाश ने बताया कि संस्था हर वर्ष एक विशेष थीम के माध्यम से बच्चों में संस्कार और संकल्प विकसित करने का प्रयास करती है। मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल कुमार ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी योजनाओं से प्रदेश में वन क्षेत्र और वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। आईएएस अधिकारी तनुज कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा मुंबई से आए जोनल हेड संदीप प्रकाश, कमलेश कुमार, सारिका सक्सेना, शेफाली श्रीवास्तव, आयुषी शर्मा, अर्चना सक्सेना, साक्षी यादव, काजल, समृद्धि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मना सेवा भारती महानगर का वार्षिक उत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा भारती महानगर का वार्षिक उत्सव कांति कपूर बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नैनीताल मार्ग में आयोजित किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. शरद अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि नेत्र सर्जन डॉ. अमित राठौर और मुख्य वक्ता क्षेत्र सेवा प्रमुख धनीराम रहे। मुख्य वक्ता ने सेवा भारती द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक और स्वावलंबन के क्षेत्र में संगठन द्वारा व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता और स्वदेशी के महत्व पर भी जोर दिया। धर्मात्मा बाल संस्कार केंद्र पटेल नगर, सुर्खा कांधरपुर, नवादा शेखान और मलूकपुर के बच्चों ने देशभक्ति गीतों और नाटकों की प्रस्तुति दी। ऑपरेशन सिंदूर नाटक को विशेष सराहना मिली। मदन लाल, चंदन, अंकित कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, सुरेश आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. धनपाल शर्मा ने किया। राहुल गुप्ता ने आभार जताया।

# साहूकारा : नौ देवी मंदिर में मां के नौ स्वरूपों के विशेष दर्शन


साहूकारा स्थित प्राचीन नौ देवी मंदिर में आरती करते पुजारी। ● अमृत विचार

- नवरात्रों में माता के विशेष दर्शन के लिए भक्तों की लगती कतारें

**बरेली, अमृत विचारः** साहूकारा स्थित नौ देवी मंदिर शहर का ऐसा मंदिर है, जहां देवी के नौ स्वरूपों की प्रतिमाएं सबसे पहले स्थापित हुई थीं। नवरात्र के दौरान मां नवदुर्गा का यह मंदिर भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहता है। मंदिर की स्थापना करीब 58 वर्ष पहले योगी काशीनाथ ने कराई थी। तभी से मंदिर देवी भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

मंदिर के पुजारी महंत रविंद्र नाथ रावल ने बताया कि मंदिर की स्थापना 1968 को बसंत पंचमी के दिन विधिवत प्राण प्रतिष्ठा कर की गई। गुरु योगी काशीनाथ महाराज ने एक पैर पर खड़े हो कर कई वर्षों तक तपस्या करके मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद माता के मंदिर की नींव रखकर मंदिर का पूर्ण निर्माण कराया। मंदिर की विशेषता हैं कि माता की ऐसी प्रतिमाएं पूरे भारत वर्ष में नहीं हैं। माता के दरबार में आए हुए सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। जो भक्त 41 दिनों तक मां की आरती में आता है। मां उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करती है। मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्र में यहां सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जाता है। सुबह 5 बजे आरती के समय भारी भीड़ उमड़ती है, जबकि दिनभर भजन-कीर्तन का आयोजन चलता है। शाम 7 बजे की आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। वहीं, सिद्धयोग शक्ति दरबार में नवरात्रि की साधना लगातार पूरे नवरात्रों तक जारी रहेगी। रविवार को विशेष सत्र आयोजित किया गया। यहां गुरुदेव गोविंद और गुरु मां आस्था ने साधकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दिन साधना के लिए अनुकूल होते हैं, आत्म अनुशासन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### माता कुष्मांडा पूजन और नवाह्न रामायण पाठ



**बरेली, अमृत विचार :** सुभाष नगर स्थित अवधपुरी कॉलोनी के श्री हरे राम नव दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र के चौथे दिन रविवार को माता कुष्मांडा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। प्रात: काल आयोजित पूजन में डॉ. पूनम शर्मा ने माता बगलामुखी और महाकाली को श्रृंगार सामग्री एवं वस्त्र अर्पित किए। दोपहर में मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन हुआ। शोभा सक्सेना के नेतृत्व में महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति दी। सायंकाल अंकित माहेश्वरी के नेतृत्व में ग्वाल बालों एवं श्रद्धालुओं ने मंदिर में चल रहे नवाह्न परायण के अन्तर्गत चतुर्थ दिवस श्रीरामचरितमानस का संगीतमय नवाह्न पाठ किया। आयुष शर्मा, कपिल सक्सेना, पार्थ चौहान, अक्षित सक्सेना, नीलम श्रीवास्तव, रेखा सक्सेना, सुमन गुप्ता, सुनैना वर्मा, सीमा शर्मा, मुकेश शर्मा, ममता शर्मा मौजूद रहीं।